आकाशवाणी शिमला

15.08.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

## प्रधानमंत्री–स्वतंत्रता दिवस

राष्ट्र आज 79वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली में ऐतिहासिक लाल किले पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर स्वतंत्रता दिवस समारोह का नेतृत्व किया। इस मौके पर राष्ट्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर के जांबाज सैनिकों को नमन किया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर देश के सशस्त्र बलों के साहस और शौर्य का सशक्त साक्ष्य है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने सशस्त्र बलों को रणनीति तैयार करने, लक्ष्य और समय तय करने की खुली छूट दी। देश के बहादुर सैनिकों ने दुश्मनों को मुहंतोड़ जवाब दिया और पाकिस्तान में सैकड़ों किलोमीटर अंदर जाकर आतंकवादियों के ठिकानों को ध्वस्त किया। प्रधानमंत्री ने एक लाख करोड़ रूपये से प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना शुरू करने की घोषणा की। इसके तहत नवनियुक्त युवाओं को 15 हजार रूपये प्रतिमाह मिलेंगे। इस योजना से देश के तीन करोड़ से अधिक युवाओं को लाभ होगा और स्वतंत्र भारत से समृद्ध भारत तक का सेतु सशक्त होगा।

## राज्य स्तरीय समारोह

स्वतंत्रता दिवस का राज्यस्तरीय समारोह मंडी ज़िले के सरकाघाट में हुआ। जिसकी अध्यक्षता मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने की। उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और विभिन्न टुकड़ियों द्वारा प्रस्तुत मार्च पास्ट का निरीक्षण कर परेड की सलामी ली। इस मौके पर उन्होंने प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए अनेक घोषणाएं कीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा प्रभावितों के लिए राज्य सरकार एक सौ करोड़ रूपये की एक और किश्त जारी करेगी और इस राशि का अधिकतर उपयोग मंडी ज़िले में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी सरकारी स्कूलों, कॉलेजों, मैडिकल कॉलेजों, पॉलिटैक्निक और आईटीआई जैसे संस्थानों में अध्यापकों को शैक्षणिक सत्र के बीच सेवा निवृत्त नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में सीबीएसई पाठयक्रम वाले दो सौ स्कूल खोलने का ऐलान भी किया। उन्होंने कहा कि युवाओं को स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए 2 हज़ार ई–थ्री व्हीलर परमिट जारी किए जाएंगे। इसके अलावा जनजातीय व गैर जनजातीय क्षेत्रों में सौर ऊर्जा परियोजनाओं पर ब्याज सब्सिडी प्रदान की जाएगी। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने पटवारियों के 6 सौ, जेबीटी अध्यापकों के 6 सौ, पंचायत सचिवों के 3 सौ और डॉक्टरों के 2 सौ पद भरने की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि राज्य लोक सेवा आयोग की भर्ती प्रक्रिया में सुधार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पहले केवल इंटरव्यू के नम्बर के आधार पर नौकरी दी जाती थी और लिखित परीक्षा के नम्बर सिर्फ क्वालिफिकेशन के लिए होते थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब सरकार ने अंतिम मैरिट में लिखित परीक्षा और साक्षात्कार दोनों के नम्बर जोड़ने का निर्णय लिया है। उन्होंने सरकाघाट अस्पताल को एक सौ से बढ़ाकर एक सौ 50 बिस्तरों वाला अस्पताल बनाने और नए बस अड्डे के निर्माण का ऐलान भी किया।

## शिमला समारोह

शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर हुए ज़िला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने पुलिस, होमगार्ड, एन.सी.सी और एनएसएस सहित 12 टुकड़ियों द्वारा प्रस्तुत मार्चपास्ट की सलामी ली व परेड का निरीक्षण किया। अग्निहोत्री ने कहा कि प्रदेश में प्राकृतिक आपदा से भारी क्षति हुई है और अनेक स्थानों पर पेयजल आपूर्ति बाधित है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युद्धस्तर पर इन योजनाओं को दुरूस्त कर रही है और शिमला शहर को सतलुज नदी से इसी महीने 24 घंटे पानी देने का काम पूरा किया जाएगा। इस मौके पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया।